जयपुर, 16 सितम्बर, 2017, शनिवार वर्ष 20 | अंक 294 | पृष्ठ 16 | ₹ 2.00

# जयपुर महानगर टाइम्स

प्रद्युम्न हत्या की होगी सीबीआई जांच



लंदन में ग्लोबल डायवर्सिटी अवार्ड से सम्मानित हुए सलमान



उ. कोरिया ने फिर दागी जापान के ऊपर से मिसाइल

पृष्ठ 14



स्कूली छात्रों की सुरक्षा पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

पृष्ठ 15



# शीर्ष खिलाड़ियों को 50 हजार प्रतिमाह का मानदेय

“ खेल मंत्री ने अपने ट्विटर हैंडल से इस बात की जानकारी देते हुए लिखा है कि मंत्रालय ने तोक्यो, सीडब्ल्यूजी और एशियन गेम्स की तैयारी कर रहे 152 खिलाड़ियों के लिए 50 हजार रुपए प्रति माह का स्टाइपेंड तय किया है।



खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ का बड़ा तोहफा, ऐतिहासिक घोषणा से खेल जगत प्रोत्साहित

केन्द्रीय मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि यह स्टाइपेंड 1 सितंबर 2017 से मिलेगा। हम अपने चैंपियंस को सभी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंत्रालय इस स्कीम के तहत तैयारी कर रहे सभी खिलाड़ियों के सम्पर्क में है। इन सभी खिलाड़ियों की ट्रेनिंग और खान-पान को लेकर खास तवज्जो दी जा रही है।

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों को स्टाइपेंड के तौर पर 50 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। यह जानकारी खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को दी। खेलमंत्री के ऐलान से इस बात की भी संभावना जताई जा रही है कि मंत्रालय ने ओलंपिक टास्क फोर्स द्वारा सुझाई गई सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है।

इस टास्क फोर्स का नेतृत्व गोल्ड मेडल विजेता अभिनव बिंद्रा ने किया था। सरकार ने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के तहत 152 खिलाड़ियों का चयन किया है।

इस फैसले के बाद इन सभी खिलाड़ियों को स्टाइपेंड का फायदा मिलेगा। स्टाइपेंड 1 सितंबर से मिलेगा।

## एस.आई. 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर देहात की टीम ने शुक्रवार को



कार्रवाई करते हुए झोटवाड़ा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सागरमल एवं सीएलजी मेंबर रामधन को 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी महानिरीक्षक सचिन मित्तल ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में यह शिकायत दी की झोटवाड़ा थाने में मेरे खिलाफ दर्ज मुकदमे में राजीनामा करवाने की एवज में सब इंस्पेक्टर सागरमल एवं सीएलजी मेंबर रामधन मुझसे 2 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। ब्यूरो के एएसपी नरोत्तम वर्मा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाकर दोनों को ट्रेप कर लिया गया।

## स्वाइन फ्लू से 2 की मौत, 95 नए पॉजीटिव और मिले

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। स्वाइन फ्लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इस घातक बीमारी से लगातार मौतें भी हो रही हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को स्वाइन फ्लू से दो लोगों की मौत हो गई। ये मौतें कोटा और बांसवाड़ा में हुईं। प्रदेश में स्वाइन फ्लू के 95 नए पॉजीटिव और मिले हैं। नए पॉजीटिव मिलने से अब स्वाइन फ्लू पॉजीटिव मरीजों की संख्या 1900 पर पहुंच गई है। ग्रामीण स्वास्थ्य निदेशक डॉ. सत्यनारायण धौलपुरिया ने बताया कि स्वाइन फ्लू को लेकर सभी सावधानियां बरती जा रही हैं।



## राम रहीम का खास बॉडीगार्ड हिरासत में

### बन गया था भक्त, खुलेगें कई राज !

**विशेष संवाददाता**

हनुमानगढ़। साध्वी रेप केस में दोषी जेल में कैद राम रहीम के खास बॉडीगार्ड ओम बुडानिया को पंचकूला की क्राइम ब्रांच पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में ले लिया है। बुडानिया राजस्थान पुलिस का सिपाही है। पंचकूला हिंसा और हनीप्रीत इंसा की फरारी में क्राइम ब्रांच को ओम बुडानिया से अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह प्रकरण की जांच कर रही क्राइम ब्रांच पुलिस ने बुडानिया को पूछताछ के लिए एक दिन पहले हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक को ईमेल कर पंचकूला बुलाया था।



ओम बुडानिया

### कई सालों से राम रहीम की सुरक्षा में तैनात

जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ पुलिस का सिपाही ओम बुडानिया राम रहीम का बेहद नजदीकी था। कई सालों से राजस्थान पुलिस की तरफ से बाबा का अंगरक्षक था और ड्यूटी करते-करते वो बाबा का भक्त बन गया। बाबा को सजा सुनाने के बाद से हनुमानगढ़ पुलिस लाइन में तैनात था।

### अब हनीप्रीत की तलाश

हरियाणा पुलिस कई प्रदेशों की खाक छान रही है। साथ ही नेपाल बॉर्डर से लगे इलाकों पर पुलिस की खास नजर है। उल्लेखनीय कि पुलिस हनीप्रीत तक पहुंचने के लिए डेरा सच्चा सौदा की मैनेजिंग कमेटी की चेयरपर्सन विपासना इन्सा को जरिया बनाना चाहती है। जल्दी से जल्दी देशद्रोह के मामले में वांछित हनीप्रीत और आदित्य इन्सां को पकड़ कर कोर्ट मे पेश करे। बहरहाल अब देखना है कि हनीप्रीत के गुम रहने की गुत्थी हरियाणा पुलिस कब तक सुलझा पाती है।


## स्वस्थ समाज और सफल राष्ट्र के लिए सामाजिक समरसता पहली आवश्यकता

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। हमारे समाज में विद्यमान सभी प्रकार के भेदभाव को निर्मूल करते हुए कार्यकर्ता सब के मित्र बनें, परिवारों की आपस में मित्रता हो, हम प्रचारक इस मित्रता निर्माण में संलग्न हों, स्वस्थ समाज व सफल राष्ट्र के लिए सामाजिक समरसता प्रथम आवश्यक है। सहज दोस्ताना व्यवहार से समरसता बढ़ेगी, समाज तोड़ने वाले लोगों के प्रयास निष्फल होंगे। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत ने शुक्रवार को भारती भवन में राजस्थान क्षेत्र के प्रचारकों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

» प्रचारकों की बैठक में बोले सरसंघचालक भागवत

» मन में ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास रखकर अपना कार्य करना चाहिए।



### ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में जिला, विभाग, प्रांत व क्षेत्र स्तर के सभी प्रचारक उपस्थित थे। भागवत ने कहा कि प्रचारक एक सामाजिक साधना का प्रकार है।

### चिंतन कर निर्णय करें

मोहनराव भागवत ने कहा कि कार्य विस्तार के साथ कार्य का दृढ़ीकरण होना चाहिए, दृढ़ीकरण यानी टोली, टोली सभी प्रकार के कार्यों का समग्रता के साथ चिंतन कर निर्णय करे, प्रचारकों को कार्य की दृढ़ता व इसके टोली निर्माण पर ध्यान देना चाहिए।

### तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत

**महानगर संवाददाता**

टोंक। जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में तीन बच्चियों की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में सन्नाटा सा पसरा हुआ है। गांव का हर नागरिक गम में डूबा हुआ है। जानकारी के अनुसार टोंक जिले के डिग्गी थाना इलाके के लावा गांव में तीन बालिकाओं की एक तालाब में डूबने से मौत हो गई।



### जयपुर में आयुर्वेद के 733 छात्रों ने एक साथ नस्य कर्म कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

देशभर के आयुर्वेदिक संस्थानों के 733 विद्यार्थियों ने सात से भी ज्यादा मिनट तक पंचकर्म की एक विधि नस्य कर्म कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में आज अपना नाम दर्ज करवाया। यह रिकॉर्ड जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आयोजित 'मोस्ट पीपुल रिसिविंग पंचकर्म ट्रीटमेंट साइमलटेनसली' कार्यक्रम के दौरान दर्ज करवाया है।

### लंदन में फिर आतंकी हमला

### अंडरग्राउंड ट्रेन में धमाका, 29 यात्री घायल

**विशेष संवाददाता**

लंदन। अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन की एक ट्रेन में धमाका हुआ। बताया जा रहा है कि पार्सस ग्रीन स्टेशन पर मौजूद ट्रेन में रखे एक सफेद रंग के



कंटेनर में ये धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक इस धमाके में इमप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का प्रयोग किया गया है। धमाका इतना जोरदार था कि भगदड़ में कई लोग बुरी तरह से झुलस गए। करीब 29 लोग इस हमले में घायल हुए हैं।

### एटीएस की बड़ी कार्रवाई/राज्य के कई इलाकों में दबिश

## अवैध हथियार लाइसेंस मामले में 10 और दबोचे

**महानगर संवाददाता**

उदयपुर। अवैध हथियार लाइसेंस मामले में एटीएस ने शुकवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान के कई जिलों में दबिश दी। इस दौरान एटीएस ने अवैध हथियार लाइसेंस लेकर गैरकानूनी काम को अंजाम देने वाले 10 और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पहले भी इसी मामले में कुछ और लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

अब तक डेढ़ दर्जन लोगों को इसी मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक एटीएस ने शुक्रवार को अपनी कार्रवाई में करन सिंह, दीपक परिहार, रविकांत त्रिपाठी, जयशंकर राय, सुमित भंडारी, इंतकाब आलम, विकास सुवालका, संजय तलसेरा, पारस बोलिया और हसन पालीवाला को गिरफ्तार किया है। वहीं एटीएस ने इन सभी आरोपियों के पास से भारी मात्रा अवैध आर्म्स लाइसेंस और अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।